**विचार-प्रवाह...**मुद्दों पर बनानी होगी सहमति




# पेज श्री

देहरादून, शनिवार, 18 सितंबर 2021




मौसम अधिकतम 27.0° न्यूनतम 24.0° | 40243.39

2 आर्थिक पतन के कगार पर अफगानिस्तान | 7 चयन नहीं होने का मतलब सबकुछ खत्म नहीं

# कट्टरता दुनिया के लिए बड़ी मुसीबत

## एससीओ की बैठक में पीएम मोदी भी हुए शरीक, सदस्य देशों के बीच दिया खास मेसेज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। ऐसे समय में जब अफगानिस्तान में तालिबान कट्टरपंथियों और पाकिस्तान सरकार के बीच दोस्ती देखने को मिल रही है, पीएम मोदी ने इशारों में ही दुनिया को बड़ा संदेश देने की कोशिश की है। शंघाई सहयोग संगठन की अहम बैठक में ऑनलाइन संबोधन में पीएम ने स्पष्ट शब्दों में अफगानिस्तान का जिक्र किया और बढ़ते कट्टरपंथ से बने खतरे की ओर सबका ध्यान खींचा। पीएम मोदी जब हिंदी में कट्टरता पर आगाह कर रहे थे तो पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान टकटकी लगाए सुन रहे थे।

दरअसल, अफगानिस्तान में आतंकियों के सत्ता में आने के बाद क्षेत्र में अस्थिरता का खतरा पैदा हो गया है। वैसे, भारत ने तालिबान के काबुल में सत्ता हथियाने के बाद एक बार बातचीत भी की है लेकिन उसे मान्यता देने पर अभी वेट एंड वॉच की नीति अपना रहा है। आज जब पीएम को वैश्विक मंच और

**खतरा पाकिस्तान के लिए भी है**

मौजूदा समय में पाकिस्तान और अफगानिस्तान के क्षेत्र में इस्लामिक कट्टरपंथ तेजी से बढ़ा है। अफगानिस्तान में लोकतांत्रिक सरकार के समय आतंकवाद काफी हद तक काबू में था और हक्कानी नेटवर्क, तालिबान, अलकायदा के बड़ी संख्या में आतंकी जेल में थे लेकिन अब सैकड़ों आतंकी जेल से रिहा किए जा चुके हैं और यह पूरा क्षेत्र कट्टरपंथी ताकतों का सुरक्षित ठिकाना बन चुका है।



**कट्टरपंथ के चलते भरोसे में कमी**

पीएम ने बैठक में ईरान, सऊदी अरब, मिस्र और कतर जैसे मुस्लिम बहुल देशों का जिक्र किया, पर किसी भी तरह से पाकिस्तान का नाम नहीं लिया। पीएम ने आगे कहा कि इस क्षेत्र में सबसे बड़ी चुनौतियां शांति, सुरक्षा और भरोसे में कमी से संबंधित है और इन समस्याओं का मूल कारण बढ़ता हुआ कट्टरपंथ है। अफगानिस्तान में हाल के घटनाक्रम ने इस चुनौती को और स्पष्ट कर दिया है। पीएम ने इस मुद्दे को एससीओ पहल के तौर पर काम करने की बात कही।

खासतौर से अफगानिस्तान के आस-पड़ोस के देशों के नेताओं के सामने बोलने का मौका मिला तो पीएम ने सीधे तौर पर कट्टरपंथ को क्षेत्र के लिए खतरा बताया और उसे आश्रय देने वाले पाकिस्तान को खूब सुनाया।

मोदी ने कहा कि इतिहास पर नजर डालें तो हम पाएंगे कि मध्य एशिया का क्षेत्र मॉडरेट और प्रोग्रेसिव कल्चर, वैल्यूज का गढ़ रहा है। सूफीवाद जैसी परंपराएं यहां सदियों से पनपीं और विश्व में फैलीं। इसकी झलक आज भी हम इस क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत में देख सकते हैं।

पीएम ने कहा कि भारत में और एससीओ के लगभग सभी देशों में इस्लाम से जुड़ी मॉडरेट, सहिष्णु और समावेशी संस्थाएं व परंपराएं हैं। एससीओ को इनके बीच एक मजबूत नेटवर्क विकसित करने के लिए काम करना चाहिए।

पीएम ने कहा कि कनेक्टिविटी की कोई भी पहल वन वे नहीं हो सकती है, भरोसा सुनिश्चित करने के लिए कनेक्टिविटी प्रोजेक्ट पारदर्शी और भागीदारी होनी चाहिए। इनमें सभी देशों की क्षेत्रीय संप्रभुता का सम्मान होना चाहिए। यहां पीएम का इशारा पाकिस्तान और चीन की तरफ था जो भारत के अपने जम्मू-कश्मीर के इलाके पर नजरें गड़ाए हुए हैं।

**कट्टरपंथ के चलते अर्थव्यवस्था का कबाड़ा**

पीएम ने कहा कि कट्टरपंथ और असुरक्षा के कारण इस क्षेत्र का विशाल आर्थिक पोटेंशियल भी अबतक निरर्थक ही साबित रहा है। इसका पूरा लाभ उठाने के लिए हमें आपसी कनेक्टिविटी पर जोर देना होगा। इतिहास में मध्य एशिया की भूमिका प्रमुख क्षेत्रीय बाजारों के बीच एक कनेक्टिविटी ब्रिज की रही है। यही इस क्षेत्र की समृद्धि का आधार है। भारत मध्य एशिया के साथ कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारा मानना है कि चारों तरफ जमीन से घिरे देशों को भारत के विशाल बाजार से जुड़कर अपार लाभ हो सकता है। दुर्भाग्यवश आज कनेक्टिविटी के कई विकल्प उनके लिए खुले नहीं हैं। ईरान के चाबहार पोर्ट में हमारा निवेश और इंटरनेशनल नॉर्थ साउथ कोरिडोर के प्रति हमारा प्रयास इसी वास्तविकता से प्रेरित है।

## भारत में लगाई गई 2 करोड़ से ज्यादा वैक्सीन

### पीएम मोदी के जन्मदिन पर रचा गया इतिहास

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर इतिहास रच दिया है। भारत ने एक दिन में तेजी के साथ दो करोड़ वैक्सीन लगाने का काम पूर्ण कर लिया है। Co-WIN पोर्टल के आंकड़ों के अनुसार, देश में दी गई खुराकों की संख्या शाम 5.10 बजे तक 2,00,41,136 तक पहुंच गई थी। वहीं, दोपहर 1.30 बजे तक ही देश में एक करोड़ से अधिक वैक्सीन लगा दी गईं थीं। इस बात की जानकारी स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने दी। देश में अभी भी वैक्सीनेशन कार्यक्रम तेजी के साथ चल रहा है। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, भारत में एक दिन में सबसे ज्यादा वैक्सीन लगाने का रिकार्ड तोड़ दिया गया है। पहले डेढ़ करोड़, फिर दो करोड़ वैक्सीन देने का काम किया गया। मांडविया ने ट्वीट करते हुए लिखा,

**हम सभी टीकाकरण का नया कीर्तिमान बनाएगें: मांडविया**



मांडविया ने अपने ट्वीट में लिखा, मुझे विश्वास है कि आज हम सभी टीकाकरण का नया कीर्तिमान बना कर प्रधानमंत्री मोदी को उपहार के रूप में देंगे।

'#VaccineSeva को चरितार्थ करते हुए स्वास्थ्य कर्मियों एवं देशवासियों की तरफ से प्रधानमंत्री मोदी को उपहार। प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर आज भारत ने नया कीर्तिमान स्थापित करते हुए एक दिन में 2 करोड़ टीके लगाने का ऐतिहासिक आंकड़ा पार किया है।

एक ही दिन में 2 करोड़ से अधिक कोविड 19 टीके लगजाने के बाद स्वास्थ्य मंत्री मंडाविया ने दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के जश्न मनाया। इससे पहले मांडविया ने बताया था, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर देश ने 1:30 बजे तक अब तक सबसे तेज 1 करोड़ वैक्सीन लगाने का आंकड़ा पार कर लिया है। उन्होंने आगे कहा कि हम निरंतर तेजी से वैक्सीन लगाने का कार्य जारी रखे हुए हैं। बता दें कि आज पीएम मोदी का जन्मदिन है और भाजपा ने आज के दिन अधिक से अधिक वैक्सीन लगाने का लक्ष्य रखा है। पीएम को 1.50 से 2 करोड़ लोगों का टीकाकरण करके गिफ्ट देने की तैयारी है।

## देश में आए कोरोना के 34 हजार से अधिक नए मामले

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। देश में कोरोना के नए मामलों में उतार-चढ़ाव जारी है। बीते दिन देश में कोरोना वायरस संक्रमण के 34 हजार से अधिक नए मामले सामने आए हैं। इस दौरान देश में 300 से अधिक लोगों की कोरोना के कारण मौत हुई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के ताजा आंकड़ों के मुताबिक, देश में पिछले 24 घंटों में कोरोना के 34,403 नए मामले सामने आए हैं। इस दौरान 320 लोगों की संक्रमण के कारण मौत हुई है। ऐसे में कोरोना के सक्रिय मामलों की संख्या 3.39 लाख रह गई। वहीं रिकवरी रेट की बात करें तो ये 97.64: है। पिछले 24 घंटे में 37,950 लोग कोरोना से ठीक हुए जबकि कुल 3,25,98,424 लोग कोरोना से ठीक हो चुके हैं।

**केरल में सबसे ज्यादा केस:** केरल में बृहस्पतिवार को कोरोना वायरस संक्रमण के 22,182 नए मामले सामने आए तथा महामारी से 178 और मरीजों की मौत हो गई। इसके साथ ही कुल मामले बढ़कर

**कोरोना अपडेट**

■देश में 300 से अधिक लोगों की कोरोना के कारण मौत हुई

44,46,228 हो गए और मृतकों की संख्या 23,165 पर पहुंच गई। सरकार की एक विज्ञप्ति के अनुसार, पिछले एक दिन में 26,563 मरीज ठीक हुए। अब तक कोविड-19 के 42,36,309 रोगी संक्रमणमुक्त हो चुके हैं। राज्य में फिलहाल 1,86,190 मरीजों का इलाज चल रहा है।

देश का वीकली पाजिटिविटी रेट की बात करें तो यह 1.93 प्रतिशत है। पिछले 83 दिनों से ये 3 प्रतिशत से नीचे है। डेली पोजिटिविटी रेट 1.94 प्रतिशत है जो कि पिछले 17 दिनों से 3 प्रतिशत से नीचे है। अब तक कोरोना से 443,928 लोगों की मौत हो चुकी है. पिछले 24 घंटे में 64,51,423 लोगों का वैक्सीनेशन हुआ। अब तक कुल 76,57,17,137 वैक्सीनेशन हो चुका है। इसके साथ ही दिल्ली में इस जानलेवा वायरस की चपेट में आने से मरने वालों की संख्या बढ़कर 25,084 हो गई।

## संक्षिप्त समाचार

### पीएम मोदी के 71वें जन्मदिन पर आयोजित हुए अलग-अलग कार्यक्रम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का शुक्रवार को 71वां जन्मदिन है। इस खास मौके पर बधाइयों का तांता लगा हुआ है। पीएम के जन्मदिन पर आज भाजपा पार्टी देशभर में सेवा और समर्पण अभियान भी चला रही है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भाजपा मुख्यालय में सेवा और समर्पण अभियान का शुभारंभ किया। वहीं अधिकतर राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने भी पीएम मोदी को बधाई दी है।

### खतरे की वजह से मैदान में ही नहीं उतरा न्यूजीलैंड

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

रावलपिंडी। अफगानिस्तान में तख्तापलट के बाद तालिबान को गले लगाने को आतुर दिखी पाकिस्तान को इंटरनेशनल लेवल पर शर्मसार होना पड़ा है। न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले वनडे सीरीज के पहले मैच के टॉस से कुछ देर पहले ही मैदान पर उतरने से मना किया।


*Are you Planning to make a Website or already have ?*

*If yes, then we are here to serve you*

**What we do**

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in


## 21 सितंबर से खुलेंगे प्राथमिक विद्यालय

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

देहरादून। उत्तराखंड में 21 सितंबर से प्राथमिक विद्यालय खुलेंगे। कोरोना काल में प्रदेश में पहली बार कक्षा एक से पांचवीं तक के विद्यालय खुलने जा रहे है। शिक्षा मंत्री अरविंद पांडेय ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से वार्ता के बाद ये फैसला लिया है। आपको बता दें कि कोरोना संक्रमण के चलते लंबे समय से स्कूल बंद चल रहे थे।

**शारीरिक दूरी का पूरा ध्यान रखने के भी निर्देश**

उत्तराखंड सरकार ने दो अगस्त से नौवीं से 12वीं, जबकि 16 अगस्त से छठी से आठवीं कक्षाओं को शुरू कर चुकी है। स्कूल में कोरोना वायरस से बचाव के लिए जारी गई गाइडलाइन का सख्ती से पालन करने के भी आदेश जारी किए गए। बिना मास्क व थर्मल स्क्रीनिंग के किसी भी छात्र, शिक्षक और कर्मचारी को स्कूल में प्रवेश नहीं दिया जाना है।

स्कूल में स्कूलों में साफ-सफाई का ध्यान रखने के साथ सैनिटाइजर की व्यवस्था अनिवार्य रूप से की जा रही है। वहीं, छात्रों के बीच आवश्यक शारीरिक दूरी का पूरा ध्यान रखने के भी निर्देश दिए गए थे।